तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 9 जुलाई 2025

11 बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विधिक सहायता ...



12 कोर्ट की बड़ी कार्रवाई: कलानौर के नपा ...



**एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने ली डीन की बैठक, नए शैक्षणिक सत्र, एनईपी कार्यान्वयन मुद्दों पर दिए निर्देश**

# अपने-अपने संकायों में एनईपी से जुड़े बदलावों की प्रगति की निगरानी करें

- उपस्थिति, छात्र अनुशासन, इंडक्शन प्रोग्राम, प्रमोशन और नई भर्तियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। शैक्षणिक सत्र और प्रशासनिक कार्यों को लेकर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन के साथ बैठक लेते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आगामी शैक्षणिक सत्र और प्रशासनिक कार्यों को लेकर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की कक्षा में उपस्थिति, छात्र अनुशासन, इंडक्शन प्रोग्राम, प्रमोशन और नई भर्तियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में एनईपी 2020 के क्वांटिटेटिव इंप्लीमेंटेशन (मात्रात्मक कार्यान्वयन) पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नीति के प्रावधानों को सिर्फ कागजों तक सीमित न रखते हुए जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। उन्होंने सभी डीन से कहा कि वे अपने-अपने संकायों में एनईपी से जुड़े बदलावों की प्रगति की निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक कदम उठाएं। कुलपति ने कक्षाओं में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और शिक्षकों की समयबद्धता को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन और समय की पाबंदी ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बुनियाद होती है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे हाजिरी और समय-पालन की नियमित जांच सुनिश्चित करें। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) इंडक्शन प्रोग्राम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति ने बताया कि 28 से 30 जुलाई तक यूजी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम तथा 11 व 12 अगस्त को पीजी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा इंजीनियरिंग व फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए अलग से इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सामाजिक वातावरण से परिचित कराना है, ताकि वे सहजता से नए वातावरण में समायोजित हो सकें। उन्होंने इन कार्यक्रमों को रोचक, रचनात्मक और जानकारीपरक बनाने के लिए सुझाव भी मांगे।

### 15 अगस्त तक पूरी होगी कैश प्रमोशन से संबंधित प्रक्रिया

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शिक्षकों के कैश प्रमोशन से संबंधित प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी कि यह कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी करने और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को गति देने पर भी बल दिया गया। कुलपति ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषय विशेषज्ञों की समय पर नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है और शीघ्र ही नई भर्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### विश्वविद्यालय की प्रगति शिक्षक, छात्र और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से होती है

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति केवल भवनों और आंकड़ों से नहीं, बल्कि शिक्षक, छात्र और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से होती है। उन्होंने सभी डीन से आग्रह किया कि वे संस्थान की नीतियों को सफलतापूर्वक लागू करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।ये रहे मौजूदः इस बैठक में डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार, कुलसचिव डा. कृष्णकांत, डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एस.सी. मलिक, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, संकायों के डीन- प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्रो. राजपाल, प्रो. जितेन्द्र ढुल, प्रो. सोनिया व प्रो. जितेन्द्र कुमार, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, निदेशक यूसीसीई डा. जी.पी. सरोहा, पीआरओ पंकज नैन, शैक्षणिक शाखा के सहायक कुलसचिव तेजपाल, वीसी कार्यालय के अधीक्षक खैराती लाल एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर डॉ. दीप्ति हुड्डा एसोसिएट डीन मनोनीत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. दीप्ति हुड्डा को एसोसिएट डीन (नॉन साइंस डिसिप्लीन), रिसर्च एंड डेवलपमेंट मनोनीत किया है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. दीप्ति हुड्डा को एसोसिएट डीन (नॉन साइंस डिसिप्लीन), रिसर्च एंड डेवलपमेंट का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक दिया गया है। शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रो. दीप्ति हुड्डा को सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय में अनुसंधान एवं नवाचार को नई दिशा मिलेगी।

### मदवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम किया जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मार्च-मई 2025 में आयोजित बीएससी होम साइंस के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, पीजी डिप्लोमा इन हिन्दू स्टडीज के प्रथम व दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बीएससी स्पोर्ट्स साइंस के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### मदविः कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथि बदली

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजी/पीजी एनईपी तथा डीडीई पाठ्यक्रमों के कुछ पेपरों की परीक्षा की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीए दूसरे वर्ष डीडीई मोड तथा एडिशनल वार्षिक स्कीम के पेपर पॉलिटिकल साइंस ऑप्शन फर्स्ट-भारतीय सरकार व राजनीति का पेपर अब 19 जुलाई को, पीजी दूसरे सेमेस्टर डिस्टेंस मोड के पेपर हिस्ट्री ऑफ हरियाणा की परीक्षा अब 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी को मंगलवार अदालत में पेश कर पूछताछ की जा रही है। सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे सीआईए-2 स्टाफ की टीम महिन्द्रा मॉडल स्कूल, सेक्टर-3 के पास गश्त में मौजूद थी। दौराने गश्त युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रोहित उर्फ केडी कुलताना के रुप में हुई।

**निगम की लापरवाही: सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश, कूड़ा खाने को मजबूर**

# पहरावर गोशाला में गोवंशों की मौत के बाद पशुओं के पकड़ने पर लगा ब्रेक, सड़कों पर आफत का सफर

- गोवंश आज भी पहले की तरह सड़कों, बाजारों और कॉलोनियों में खुलेआम घूमते देखा जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कन्हेली रोड के पास फैला कूड़ा, गंदगी में मुंह मारते हुए गोवंश। फोटो: हरिभूमि

शहर की सड़कों पर घूमते बेसहारा गौवंश अब स्थानीय नागरिकों के लिए एक गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। नगर निगम की ओर से कई बार दावे किए गए कि शहर से बेसहारा गौवंश को हटाकर गौशालाओं में भेजा जाएगा, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। गोवंश आज भी पहले की तरह ही सड़कों, बाजारों और कॉलोनियों में खुलेआम घूमता नजर आता है, जिससे ट्रैफिक जाम, हादसे और गंदगी जैसी समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या को देखते हुए नगर निगम ने पहरावर स्थित अखिल भारतीय गौशाला के साथ एक इकरारनामा किया था, जिसके तहत निगम को शहर से बेसहारा गौवंश को पकड़कर उस गौशाला में भेजना था। यह कदम इसीलिए उठाया गया क्योंकि निगम की अपनी गौशाला में अब जगह नहीं बची। यहां तक कि बीमारी और अव्यवस्था के कारण अब तक सैकड़ों गौवंशों की मौत हो चुकी है, जो एक चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। हालांकि इकरारनामा होने के बावजूद नगर निगम द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, और शहर में जगह-जगह गोवंश खुले में कूड़ा खाते हुए नजर आते हैं। यह नजारा न केवल शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि नगर निगम की ओर से गौवंश की देखभाल को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही।

### कूड़े कचरे से पॉलीथिन खा रहे गोवंश

सड़कों पर पड़ा कूड़ा और उसमें बेसहारा पशुओं का मुंह मारना अब आम हो गया है। कई बार देखा गया है कि यह गौवंश कूड़े के साथ पालिथिन जैसी हानिकारक वस्तुएं भी खा जाते हैं, जिससे उनकी पाचन क्रिया प्रभावित होती है और वे गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इन गौवंश की बीमारियों का इलाज तक नहीं हो पाता और उनकी मौत हो जाती है।

### ट्रैफिक जाम और हादसे भी बढ़े

सड़कों पर गोवंश के अचानक आ जाने से कई बार दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ा है। रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब ये हादसे और भी ज्यादा बढ़ जाते हैं। शहरवासियों ने कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकला।

### सफाई व्यवस्था भी चरमराई

नगर निगम द्वारा वार्डों को अलग-अलग जोन में बांटने के लिए एजेंसियों को टेंडर देकर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। कुछ क्षेत्रों में सफाई कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है, लेकिन फिर भी हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे हैं। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनमें गौवंश भोजन की तलाश में मुंह मारते देखे जाते हैं। कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां भी वार्डों में नहीं जा पा रही हैं। इसकी वजह से शहर के हर चौराहे पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

### गोशाला में हुई थी सैकडों पशुओं की मौत

बीते दिनों पहरावर गोशाला में सैकड़ों गोवंश की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। रोजाना हो रही मौत को चिकित्सक भी नहीं रोक पाए थे। इसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा तो नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा को कमेटी गठित कर कार्रवाई करनी पड़ी थी। हालांकि अभी तक गोशाला के हालात सामन्य नहीं हो पाए हैं।

### निगम की हीलाहवाली से लोग नाराज

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गौवंश की समस्या केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह शहरी व्यवस्था से जुड़ा बड़ा मुद्दा बन चुकी है। नगर निगम यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। समाजसेवी जसबीर सिंह, धर्मसिंह प्रजापति का कहना है कि नगर निगम ने कूड़ा उठान समय पर करवाना चाहिए।

**गंद से निकल रही है मिथेन और CO2 गैस, पर्यावरण पर डालती हैं दीर्घकालीन असर**

## अब आबोहवा स्वच्छ, पर निगम ने शहर को नाक सिकोड़ने के लिए किया मजबूर

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

मिनिस्ट्री ऑफ इंवायरमेंट, फोरस्ट एंड क्लाइमेंट चेंज ने हर घंटे देश के विभिन्न क्षेत्रों से 219 प्रमुख शहरों की आबोहवा की गुणवत्ता पर नजर रखता है। मंगलवार 8 जुलाई शाम चार बजे एक शहर (नंदेसरी बड़ौदा गुजरात) को छोड़कर बाकी शहरों की आबोहवा पीएम 2.5 के लिहाज से पूरी तरह से स्वच्छ थी। वजह है कि इस समय पूरे देश में मानसून की बरसात हो रही है। लेकिन विडंबना ये है कि नगर निगम की वजह से रोहतक शहर इस समय बुरी तरह से सड़ रहा है। शहर का कोई रोड और कालोनी ऐसी नहीं है कि जहां दुर्गंध न उठ रही हो। कारण है जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गंद का उठान बीते 8 दिन से नहीं हो रहा है। वजह है शहर का कूड़ा-करकट उठाने वाली फर्म का गत 30 जून को ठेका पूरा हो गया।

### फैलती हैं बीमारियां

फर्म का ठेका पूरा होने से पहले नगर निगम ने अन्य फर्म से एमओयू नहीं किया। जिसकी वजह से सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। हालात ऐसे हैं कि कहीं शहर में कोई बीमारी न फैल जाए। गंदगी से कई तरह की बीमारियां दस्त, हैजा, टाइफाइड, पीलिया, उल्टी, पेट के कीड़े, और त्वचा संबंधी संक्रमण जैसे कि दाद और खुजली। इसके अलावा, गंदगी से डेंगू, मलेरिया और श्वसन संबंधी संक्रमण जैसे ब्रोंकाइटिस और निमोनिया भी हो सकते हैं। हवा गंदी होने से पीएम 2.5 की मात्रा पर कोई असर नहीं पड़ता। क्योंकि कचरा सड़ने से हवा में महीन कण नहीं घुलते।

### कचरा सड़ने से बनती है गैस



प्रो. सुनील कुमार

महर्षि दयानंद विश्वविद्याल के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. सुनील कुमार कहते हैं कि खुले में पड़ा कचरा सड़ने से मिथेन और कार्बनडाईआक्साइड गैस निकलती हैं। मानव के इनके सीधे संपर्क में आने से शरीर पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके अलावा पर्यावरण पर भी दीर्घकालीन प्रभाव ये दोनों गैस डालती हैं।

### पर्यावरण पर डालती हैं प्रभाव

अगर कचरा लंबे समय तक पड़ा रहे तो लगातार मिथेन गैस के उत्सर्जन से उसमें आग लग सकती है। आग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगी। मिथेन के अलावा कार्बनडाईआक्साइड सड़ता हुआ कूडा पैदा करता है। कार्बन डाइऑक्साइड का मानव स्वास्थ्य पर सीधा और अप्रत्यक्ष भी प्रभाव पड़ता है। इससे हर कोई भलीभांति परिचित है। मीथेन तकनीकी रूप से गैर विषैली है और कम स्तर पर जीवन के लिए जोखिम नहीं है। यह ऑक्सीजन को विस्थापित करती है और दम घुटने का कारण बन सकती है। लेकिन पर्यावरण पर दीर्घकालीन प्रभाव डालती है। कार्बन डाइऑक्साइड का बढ़ता स्तर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है। $CO_2$ एक ग्रीनहाउस गैस है, जिसका अर्थ है कि यह पृथ्वी के वायुमंडल में गर्मी को फंसाती है। इससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है, जो बदले में पारिस्थितिक व्यवधानों की एक श्रृंखला का कारण बनती है।

**उपलब्धि** **देश भक्ति की विरासत को आगे बढ़ाएंगी**

## गांव जसिया की अंजलि दुहन भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग अफसर बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




समर्पण, अनुशासन और गौरवशाली विरासत का प्रतीक बनते हुए देव कॉलोनी की अंजलि दुहन भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग अफसर नियुक्त हुई हैं। वर्तमान में गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में कार्यरत थी। अब यह जो वर्दी पहनेगी वह साहस, बलिदान, और सम्मान का प्रतीक है। इनका मूल गांव जासिया है। इन्होंने डीसीआरयूएसटी मुरथल से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक के साथ वर्ष 2022 में स्नातक किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ देश सेवा के प्रति उनका समर्पण उनकी इस सफलता को और भी खास बनाता है। अंजलि के दादा भारतीय वायु सेना में बतौर वारंट ऑफिसर सेवा दे चुके हैं। जबकि दादी सेवानिवृत्त जेबीटी शिक्षिका हैं। उनके दोनों चाचा, कर्नल बीएस दुहन और कर्नल आरएस दुहन वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत हैं। अंजलिके पिता, डॉ. मनोज दुहन डीसीआरयूएसटी मुरथल में प्रोफेसर हैं। मां, डॉ. सीता सरकारी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षक हैं। इन्होंने अंजलि के जीवन में मार्गदर्शक और प्रेरणा का कार्य किया। बेटी न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट रही हैं, बल्कि एक संतुलित और प्रेरणादायक व्यक्तित्व की धनी भी हैं। एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारक अंजलि को शुरू से ही अनुशासन और राष्ट्र सेवा की ओर झुकाव रहा है। ये एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और प्रतिष्ठित बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में विभिन्न स्तरों पर अपने संस्थानों का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साथ ही, वह एक अच्छी वक्ता भी हैं। पारिवारिक मूल्य और अनुशासन में पली-बढ़ी अंजलि को हमेशा उनके साथियों में सबसे आज्ञाकारी और समर्पित बच्ची के रूप में जाना गया है। इनके दो भाई भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। यह उपलब्धि केवल इनकी नहीं, बल्कि एक पूरे परिवार की परंपरा, प्रेरणा और दृढ़ संकल्प की गाथा है। भारतीय वायु सेना में इनका कमीशन न केवल उनके स्वप्न की पूर्ति है, बल्कि यह उनके परिवार की देशभक्ति और सेवा भावना की विरासत को आगे बढ़ाने वाला कदम भी है। अंजलि ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने बड़ों, साथियों और ईश्वर को दिया है।

## एक रूपया चौक के पास बिजली का पोल गिरा, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के एक व्यस्त इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक रूपया चौक से सुनारियां की ओर जाने वाली सड़क पर अचानक बिजली का एक पोल गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त वहां से कोई वाहन या राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पोल अचानक सड़क की ओर गिरा और कुछ देर के लिए वहां जाम की स्थिति बन गई। यदि उसी समय कोई वाहन वहां से गुजरता, तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। गिरते ही बिजली विभाग ने तुरंत इलाके की बिजली सप्लाई काट दी ताकि किसी प्रकार की चोट या करंट लगने जैसी घटना से बचा जा सके। बिजली निगम की टीम कुछ ही समय में मौके पर पहुंची और खंभे को हटाने का कार्य शुरू किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खंभे को सड़क से हटा दिया और आसपास के लोगों को भी सुरक्षा के प्रति सचेत किया। स्थानीय नागरिकों ने बिजली निगम से अपील की है कि ऐसे पुराने और कमजोर खंभों की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना न हो। वहीं निगम अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जरूरी मरम्मत कार्य जल्द पूरा किया जाएगा।

## स्नातकोत्तर, एलएलबी तथा बीपीएड में एडमिशन के लिए परीक्षाएं 15 से 19 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2025-2026 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा एलएलबी तीन वर्षीय तथा बीपीएड पाठयक्रम में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षाएं 15 से 19 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमए लोक प्रशासन, एमएससी फोरेंसिक साइंस तथा एम. कॉम पाठ्यक्रमों, दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एमए समाजशास्त्र, एमबीए, एमबीए एसएफएस, एमबीए बिजनेस साइकोलॉजी तथा एमटीटीएम व एमचएमसीटी पाठ्यक्रमों तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एमए मनोविज्ञान तथा एमए साइकोलॉजी- गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। 16 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमएससी केमिस्ट्री, दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार, एमएससी गणित तथा एमएससी गणित अंडर एसएफएस तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज पाठ्यक्रमों- एमएससी- बॉटनी, जूलॉजी, एनवायरमेंटल साइंसेज, एनवायरमेंटल बायोटेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, जेनेटिक्स, माइक्रोबायोलॉजी, माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोर्मेटिक्स, फूड टेक्नोलोजी व मेडिकल बायोटेक्नोलोजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।17 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 11.15 बजे तक एमए राजनीति विज्ञान, दोपहर 12.30 बजे से 1.45 बजे तक एलएलबी तीन वर्षीय तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 4.15 बजे तक एलएलएम पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style

# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी



शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

हॉलीवुड मसाला



# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2 आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनेत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### *ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात*

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

## खबर संक्षेप

### डीएससी आरक्षण आदेशों की अनदेखी पर फूटा रोष

रोहतक। हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों में उप-वर्गीकरण करते हुए डीएससी (डिप्राइव्ड शेड्यूल्ड कास्ट) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय के बावजूद, सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों द्वारा इस आदेश की खुलकर अनदेखी किए जाने पर डीएससी समाज में गहरा रोष व्याप्त है। अखिल वाल्मीकि महापंचायत नरवाना हल्का प्रधान राकेश वैदी ने इस विषय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों में उप-वर्गीकरण कर आरक्षण देना एक संवेदनशील और ऐतिहासिक फैसला है, लेकिन इसका निष्पक्ष और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

### बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना 11 नवंबर तक

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बिजली के बकाया उपभोक्ताओं का आह्वान किया है कि वे हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के बकाया बिलों के समाधान के लिए लागू की गई सरचार्ज माफी योजना-2025 का लाभ उठाए। यह योजना 11 नवंबर 2025 तक लागू रहेगी। इस योजना का लाभ शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ता श्रेणियों के उपभोक्ता उठा सकते हैं, जिनके बिजली बिल 31 अगस्त 2024 तक बकाया थे तथा अब तक बकाया हैं। यह योजना कनेक्टिड और डिस्कनेक्टिड दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए है। शहरी तथा ग्रामीण घरेलू बिजली के कनेक्शन का अब तक का पूर्ण सरचार्ज फ्रीज कर दिया जाएगा तथा उन्हें केवल मूल राशि का भुगतान करना होगा।

### बाइक की टक्कर से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में बाइक की चपेट में आने से एक प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में आरोपी बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मंगलवार को आसौदा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मृतक की पहचान करीब 55 वर्षीय अशोक के रूप में हुई है। अशोक मूलतः यूपी के आजमगढ़ का रहने वाला था। दिहाड़ी मजदूरी करने के लिए यहां आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम को वह रोहद में सड़क किनारे बैठा था। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दी। इस टक्कर में उसे काफी चोट आई।

### अमरजीत कादयान बने युवा इनेलो जिलाध्यक्ष

**झज्जर।** अमरजीत कादयान को युवा जिला अध्यक्ष झज्जर मनोनीत किया गया है। इसे पहले पार्टी के लिए किए गए कार्यो व अनुभव को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने अपने युवा के जिला अध्यक्ष दायित्व देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, डबवाली के विधायक आदित्य देवी लाल, सुनैना चौटाला, युवा राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला, रनिया विधायक अर्जुन चौटाला, युवा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, जिला अध्यक्ष सतपाल पहलवान, शीला नफे सिंह राठी का आभार व्यक्त किया।

# संकट मोचन मंदिर में कल मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) का पर्व इस वर्ष वीरवार, 10 जुलाई को धार्मिक उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर को इस पावन अवसर पर आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है और देवी-देवताओं की विशेष सफाई एवं श्रृंगार किया जा रहा है।


रोहतक। मंदिर की साफ सफाई और आकर्षित लाइटों से सुसज्जित करते भक्तजन।

कार्यक्रम का समापन आरती, आशीर्वचन और भंडारे के साथ होगा। गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि यह पर्व गुरु की महिमा और उसके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा, गुरु शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'गु' (अंधकार) और 'रु' (प्रकाश) से बना है, अर्थात गुरु वह होता है जो अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास की पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संपादन और महाभारत की रचना की थी। इस कारण यह दिन व्यास पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। साध्वी ने कहा कि माता-पिता और गुरु का स्थान संसार में सर्वोच्च है और जो व्यक्ति इनकी सेवा व आज्ञा का पालन करता है, वह कभी दुखी नहीं होता।

## साध्वी मानेश्वरी देवी करेंगी गुरु पूजन

गुरु पूजन कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी होंगी, जो ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री देवी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भक्तों को ज्ञान, भक्ति और सेवा का संदेश देंगी। मंदिर सचिव गुलशन भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे गुरु पूजन से आरंभ होगा, इसके बाद 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग और फिर 1 बजे प्रसिद्ध भजन गायिका सीमा शर्मा अपनी मधुर और भावपूर्ण वाणी में भजनों की प्रस्तुति देंगी।


साध्वी मानेश्वरी।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे छायादार पौधे

**रोहतक।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम का आयोजन किया गया। यह अनूठा अभियान विद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य परमजीत कौर एवं मुख्य अध्यापक संदीप कुमार द्वारा पौधा रोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारी भी पौधारोपण में सक्रिय रूप से सहभागी बने। औषधीय व छायादार पौधे रोपे।

## बीएमयू में विधिक सहायता क्लब की ओर से राष्ट्रीय छात्र दिवस पर व्याख्यान

# विद्यार्थी नकारात्मक सोच से दूर रहकर जीवन में हासिल करें बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि संकाय अंतर्गत संचालित विधिक सहायता क्लब द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस के पावन अवसर पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणास्पद नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर युवा प्रेरक वक्ता एवं जीवन मार्गदर्शक राहुल वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उनके प्रेरणादायक भाषण ने विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क में राष्ट्र निर्माण, आत्मविकास, अनुशासन और शिक्षा के महत्व को गहराई से स्थापित किया। राहुल वर्मा ने अपने वक्तव्य में विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि आज के छात्र ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, अतः उन्हें अपने चरित्र निर्माण, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर आत्मविकास की दिशा में सजग व सतत प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नकारात्मक सोच से दूर रहकर, जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। उनके शब्दों में ऊर्जा, आत्मविश्वास और दिशा का समावेश था, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस प्रेरणादायक आयोजन का सफल संयोजन डॉ. राहुल द्वारा किया गया, जिन्होंने समस्त कार्यक्रम की रूपरेखा को न केवल व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया, बल्कि उसकी प्रभावशाली प्रस्तुति भी सुनिश्चित की। डॉ. प्रमिला ने सह-समन्वयक की भूमिका में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई और आयोजन की समग्र सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के विधि संकाय क्लब द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस पर व्याख्यान करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रेरणास्पद आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय की बौद्धिक और नैतिक दृष्टिकोण को समृद्ध करता है।इस अवसर पर विधि संकाय के डीन डॉ. मनीष दलाल एवं डिप्टी डीन डॉ. रितु ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय छात्र दिवस की भावना को सार्थक बनाता है, बल्कि छात्रों को प्रेरणा, दिशा और उद्देश्य प्रदान करने का एक सशक्त मंच भी है। ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता, विचारशीलता और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जाग्रत करते हैं। इस अवसर पर विधि संकाय की प्रख्यात शिक्षिकाएं डॉ. सीमा देवी, डॉ. राजरानी, डॉ. नेहा, डॉ. हरविंदर, डॉ. सोनिया आदि रहे।

### कुलपति सफल कार्यक्रम पर दी बधाई

कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच.एल. वर्मा एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रेरणास्पद आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।


रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना के दौरान नारेबाजी करते अनुबंधित कर्मचारी।

### पीजीआई के कर्मचारियों का धरना 37वें दिन भी जारी

**रोहतक।** पीजीआई में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों का धरना मंगलवार को मेडिकल मोड़ स्थित ताऊ देवी लाल पार्क में 37वें दिन भी शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहा। कर्मचारियों ने ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तीन साल के एरियर, एचकेआरएन में समायोजन और नौकरी की सुरक्षा की मांग दोहराई। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि 4 जुलाई को आयोजित महापंचायत के बाद उप कुलपति द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा गया था। उसके बाद से सभी कर्मचारी प्रशासन को समय देने की भावना से शांति पूर्ण ढंग से रोष प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जनवरी 2025 में हुई हड़ताल के दौरान मेडिकल अधीक्षक के साथ हुए समझौते में कुछ मांगों पर सहमति बनी थी, जिनमें से तीन वर्ष का एरियर भी शामिल था, लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। धरना दे रहे कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि अभी तक पीजीआई प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी ने धरने पर बैठे कर्मचारियों से कोई संवाद नहीं किया है, जिससे नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर दी बधाई

**रोहतक।** पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फोगाट और अध्यक्ष मनोज खटाना सहित कई नर्सिंग सदस्यों ने मंगलवार को कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर नर्सिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने डॉ. अग्रवाल के साथ बातचीत की और उनके कार्यों की प्रशंसा की। विकास फौगाट ने कहा कि डॉ. अग्रवाल को यह सम्मान उनके मरीजों के प्रति समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए दिया गया है। अध्यक्ष मनोज खटाना ने कहा कि डॉ. अग्रवाल की उपलब्धि से न केवल पीजीआईएमएस का नाम रोशन हुआ है, बल्कि उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है।


रोहतक। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर बधाई देते पीजीआईएमएस की नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फोगाट व अन्य सदस्य।

# नर्सरी-केजी के बच्चों ने चित्रों में रंग भरकर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में स्मार्ट किड्स के लिए रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें नर्सरी, केजी और यूकेजी के स्मार्ट किड्स ने शिरकत की। लगभग सभी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी रंग भरने की कला का प्रदर्शन किया।

इस मजेदार और रचनात्मक प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग भरने के लिए अपनी पसंद के रंग भरे व क्रेयॉन,पेंसिल रंग, या वाटर कलर का प्रयोग किया। बच्चों द्वारा भरे गए चित्रों को उनकी रचनात्मकता, रंगों के सही उपयोग और चित्र के साथ समग्र जुड़ाव के आधार पर मूल्यांकित करते हुए विजेता परिणाम जारी किए गए। पार्थ,देवांशी, नीवी, वंशिका, भाविका प्रथम स्थान पर रहे। सान्वी, धैर्य, तनिष्क, प्रीशा, डोयल,जूबर दूसरे स्थान पर रहे। इक्षित, नक्ष, सान्वी, दृष्टि, अवनि, तृषा तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने कहा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एक मजेदार और रचनात्मक गतिविधि है जो बच्चों को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है। यह प्रतियोगिता बच्चों को प्रेरित करती है कि वे बॉक्स के बाहर सोचें और अपनी कल्पना का उपयोग करके कुछ नया और अनोखा बनाएं। इस अवसर पर उप - प्रधानाचार्या मशेंका सहित सीमा दुआ, साक्षी आहूजा, कनिका चावला आदि उपस्थित रहीं।




### प्रवासी मजदूरों का बोर्ड में पंजीकरण न करने के विरोध में प्रदर्शन

**रोहतक।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के कार्यकर्ताओं ने 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में शहर में मोटरसाइकिल जत्था निकाला। जिसकी अगुवाई सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद और भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला उप प्रधान संजीव सिंह ने की। जत्थे से पहले सभी कार्यकर्ता स्थानीय मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मजदूर नेता कामरेड विनोद, संजीव सिह और धर्मदास ने कहा कि बीजेपी सरकार में श्रम कल्याण बोर्ड में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। जिसका खामियाजा निर्माण मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार की मार भ्रष्टाचारियों पर ना पड़ के सीधा मजदूरों पर पड़ रही है। उन्होंने कहा पंजीकरण करने से लेकर सुविधा राशि जारी करने तक अधिकारियो व बोर्ड के दलालों का कमीशन तय है।

# नवीन जयहिन्द व निगम कर्मचारियों की निगम आयुक्त के साथ हुई बैठक

- पहले दौर की बैठक में कुछ मांगों पर बड़ी सहमति, कुछ रही अधूरी
- पूरी तरह इनकी समस्या का समाधान करो, मैं साथ मिलकर सफाई करवाऊंगा : जयहिन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जयहिंद सेना के अध्यक्ष नवीन जयहिन्द व निगम कर्मचारियों ने निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के साथ मंगलवार को मीटिंग हुई। इस पहले दौर की बैठक में आयुक्त ने कुछ मांगों पर सहमति जताई व कुछ अधूरी रह गई। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। नवीन जयहिन्द ने बताया कि आयुक्त से सफाई कर्मचारियों के वेतन को लेकर, कर्मचारियों को न हटाने की लेकर व इनको हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने को लेकर बातचीत हुई।जयहिन्द व कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि हम सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने वाले हैं। हम किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होने देंगे। साथ ही जयहिन्द ने बताया जिस तरह से शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है उसका जिम्मेदार ये कर्मचारी नहीं बल्कि शासन, प्रशासन है। जब इन कर्मचारियों के पास साधन–संसाधन ही नहीं होंगे तो ये काम कैसे करेंगे। जयहिन्द का कहना है कि शासन, प्रशासन द्वारा इन सफाई कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी, पूरी तनख्वाह, पूरे साधन–संसाधन व पूरे कर्मचारी देने चाहिए। रही बात सफाई की अगर ये सब कर्मचारियों को मिलता है तो मैं खुद इनके साथ मिलकर शहर की सफाई करवाऊंगा। अगर इनका शोषण इसी तरह होता रहेगा तो हम कुछ नहीं करवाएंगे।


रोहतक। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा मीटिंग करते नवीन जयहिन्द व निगम कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल। फोटो : हरिभूमि

# पात्र और अंत्योदय परिवार उठाएं दयालु योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अन्तादेय परिवारों से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दयालु हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि दजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को उनके परिजनों की मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना की पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए।

### यह है आवेदन प्रक्रिया

डीसी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता की तिथि से 3 महीने के अंदर आवेदन करना होगा। यह योजना पूरी तरह निशुल्क है। योजना के तहत 6 से 12 वर्ष आयु की स्थिति में एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष आयु की स्थिति में 2 लाख रुपए, 18 से 25 वर्ष आयु की स्थिति में 3 लाख रुपए, 25 से 45 वर्ष आयु की स्थिति में 5 लाख रुपए और 45 से 60 वर्ष आयु की स्थिति में 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत 6 साल से अधिक आयु और 60 वर्ष तक परिवार के सदस्य की मौत या स्थायी विकलांगता पर वित्तीय सहायता दी जाती है। इस सहायता की राशि, मृत्यु या विकलांगता के समय व्यक्ति की आयु के हिसाब से अलग-अलग निर्धारित है।

## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने किया कार्यक्रम

# किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों पर आधारित सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र ने मंगलवार को आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों की समझ नियामक प्रणालियों के माध्यम से भावनात्मक लचीलापन विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने किशोर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित किया। मलिक ने कहा कि किशोरावसदौरान बहुत से शारीरिक परिवर्तन, जिसमें हार्मोनल, शारीरिक सक्रियता, जननांगों का विकास, मानसिक परिवर्तन, भावनाओं में उतार-चढ़ाव, सोचने के तरीक़ों व सामाजिक रिश्तों में बदलाव के साथ भावनात्मक परिवर्तन की वजह से चिड़चिड़ापन, ग़ुस्सा, अचानक मनोदशा में बदलाव होता रहता है।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से बातचीत करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक। फोटो : हरिभूमि

मलिक ने बताया कि इंसान की भावनाएं और सोच परमाणु की तरह बहुत असरकारक होती हैं। विभिन्न नियामक प्रणालियों के माध्यम से भावनात्मक लचीलापन विकसित करके ही किशोरावस्था के नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है। इनमें माइंडफुलनेस, संज्ञानात्मक पुनर्मूल्यांकन, भावनात्मक जागरूकता और विनियमन को बेहतर बनाने की रणनीतियां हैं।




### वैश्विक क्षमा दिवस पर एक विशेष सभा का आयोजन

**रोहतक।** जीडी गोएनका इंटरनेशनल स्कूल में वैश्विक क्षमा दिवस पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर, छात्रों ने अपनी वाक्पटुता का प्रदर्शन किया और बताया कि वैश्विक क्षमा दिवस एक ऐसा दिन है जो सद्भावना पैदा करने और लोगों को एक दूसरे की गलतियों को माफ करके एक नई शुरुआत करने का अवसर प्रदान करता है। छात्रों ने इस दिन की महत्ता और इससे जुड़े इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल की निदेशक सान्या मायना ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने साथ गलत करने वालों को माफ करके यह दिन मनाना चाहिए। यह समय सभी नकारात्मकता को पीछे छोड़कर जीवन में आगे बढ़ने का एक अवसर है। इस दिन के माध्यम से हम लोगों की पिछली गलतियों को माफ करके उनके साथ नए और मजबूत संबंध बनाने का प्रयास कर सकते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने बताया कि वैश्विक क्षमा दिवस हमें लोगों की पिछली सभी गलतियों को माफ कर एक नए संबंध की शुरुआत करने का संदेश देता है। स्कूल के निदेशक महोदय श्री विक्रांत मायना एवं सहनिदेशक श्री हिमांशु गुप्ता ने बच्चों के प्रदर्शन को सरहाते हुए उन्हें आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

## खबर संक्षेप



रोहतक। खिलाड़ी गुलशन शर्मा को सम्मानित करते खेल मंत्री गौरव गोतम।

### खेल मंत्री ने गुलशन शर्मा को किया सम्मानित

**रोहतक।** खेल मंत्री गौरव गोतम ने वर्ल्ड मास्टर गेम में दो सिल्वर मेडल जीतने पर रोहतक निवासी गुलशन शर्मा को पंचकूला के सेक्टर 5 में स्थित पल्लवी में सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा के अन्य जिलों के रहने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा एथलेटिक्स महासंघ के महासचिव राम किशोर शर्मा ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में बताया और सरकार से उचित सहायता की मांग रखी। खेल मंत्री हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों उत्साह जज्बे की तारीफ की ओर उचित सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रधान अजय मित्तल एवं वर्ल्ड मास्टर गेम 2025 ताईपे ताईवान के विजेता एवं 6ठी नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया।

### 11 से शुरू होगा उज्जवल दृष्टि अभियानः सीएमओ

**रोहतक।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि दो्रण कार्यक्रम के तहत रोहतक जिले में 11 जुलाई से उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में दृष्टिहीनता की जड़ को समाप्त करना है। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से जिले में 40 वर्ष से अधिक आयु को नागरिकों की आंखों की जांच की जाएगी एवं जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में वितरित किए जाएंगे। अभियान के अन्र्तगत मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क आपरेशन भी सरकारी अस्पतालों में किया जाएगा। बच्चों की आंखों की जांच भी की जाएगी, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

## गली निर्माण में बरती थी कलानौर नगर पालिका ने अनियमितताएं

# कोर्ट की बड़ी कार्रवाईः कलानौर के नपा कार्यालय को किया सील

- अदालत ने नगर पालिका को दिए थे दोबारा गली निर्माण के आदेश
- न मानने पर की गई अवमानना की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कलानौर

अदालत के आदेश पर कलानौर नगर पालिका पर बड़ी कार्रवाई की गई। एक नागरिक द्वारा गली निर्माण में की गई लापरवाही के खिलाफ दायर याचिका पर अदालत की अवमानना कार्रवाई के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची और कार्यालय को सील किया गया। आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों ने न केवल गलत लेवल पर गली का निर्माण करवाया बल्कि कोर्ट में अपना पक्ष तक पेश नहीं किया। कोर्ट ने इस मामले में अधिकारियों को दोबारा गली निर्माण के भी आदेश जारी किए थे।

### चेयरमैन का दफ्तर करवाया सील

अदालत की तरफ से भेजी गई टीम ने मंगलवार को कलानौर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर वहां ताला लगाया। कार्रवाई के दौरान थाना कलानौर से एएसआई दीनबंधु के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहा। नगर पालिका के चेयरमैन और उच्च अधिकारी के दफ्तरों को सील किया गया और कार्यालय की चाबी सिविल नाजिर को सौंप दी गई।



धन सिंह के वकील दीपक भारद्वाज ने अदालत में दलील दी थी कि नगर पालिका लगातार कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। इसलिए उसकी संपत्ति जब्त कर नीलामी की जाए ताकि याचिकाकर्ता को उचित राहत मिल सके। कोर्ट ने दलील को स्वीकारते हुए नगर पालिका की गाड़ी भी जब्त करने के आदेश दिए, जो मौके पर मौजूद नहीं थी।

### गली का निर्माण ऊंचा करने से मकान नीचा हुआ

जानकारी के अनुसार, यह मामला 2019 का है, जब कलानौर निवासी धन सिंह ने नगर पालिका द्वारा बनाई गई गली की ऊंचाई को लेकर अदालत में केस दायर किया था। उनका आरोप था कि पालिका ने गली का निर्माण इतनी ऊंचाई पर कर दिया कि उनका मकान गली से काफी नीचे चला गया, जिससे उन्हें लगातार पानी भराव और निकासी की समस्या का सामना करना पड़ा। इसकी वजह से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से उन्हें काफी नुकसान भी उठाना पड़ा।

### कोर्ट के आदेशों की अवहेलना बनी कार्रवाई की वजह

धन सिंह के मुताबिक उन्होंने अदालत में केस दायर किया। अदालत ने सुनवाई करते हुए स्पष्ट रूप से नगर पालिका को गली का निर्माण दोबारा उचित लेवल पर करने के आदेश दिए थे। लेकिन नगर पालिका ने न तो कोई सुधारात्मक कदम उठाया और न ही अदालत में पक्ष रखने पहुंची। बार-बार निर्देशों की अनदेखी करने पर याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में अवमानना याचिका दायर की गई। मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने नगर पालिका पर कड़ा रुख अपनाया और आदेश दिया कि जब तक नगर पालिका अपने दायित्व पूरे नहीं करती, तब तक उसका कार्यालय सील कर दिया जाए।

*नगर पालिका ने धनसिंह की गली का निर्माण करवाया था। धनसिंह का आरोप है कि गली का निर्माण सही ढंग से नहीं करवाया गया। अदालत ने गली निर्माण दोबारा करवाने के आदेश जारी किए थे। जिनकी पालना नहीं की गई। अब अदालत ने कलानौर नगर पालिका के कार्यालय को सील करने के आदेश जारी किए हैं। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कार्यालय को सील कर दिया है। -दीपक भारद्वाज, एडवोकेट*



रोहतक। नीलम कृष्ण पहलवान, विधायक नजफगढ़, दिल्ली का स्वागत करते सिरतार के प्राचार्य डॉ. एडी पासवान व अन्य प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

## विधायक नीलम कृष्ण पहलवान ने किया सिरतार का दौरा

**रोहतक।** सिरतार संस्थान में नीलम कृष्ण पहलवान, विधायक नजफगढ़, दिल्ली ने सिरतार संस्थान का दौरा किया। सिरतार के प्राचार्य डॉ ए.डी. पासवान ने उनका संस्थान पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम उन्होंने एक पेड़ एक दिव्यांगजन के नाम थीम के आधार पर संस्थान के प्रागंण में पौधा रोपण किया तथा संस्थान के प्रत्येक विभाग का दौरा किया। संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, सफाई व्यवस्था व सुव्यवस्थित प्रबन्धन को देखकर खुशी जाहिर की। डॉ एडी पासवान ने उन्हें संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ, हितार्थ व पुनर्वास व उनके प्रशिक्षण लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया, जिनसे सन्तुष्ट होकर उन्होंने के दिव्यांगजनों के उज्जवल भविष्य में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायिका ने दिव्यांग बच्चों के साथ दोपहर का भोजन किया व उनके साथ यादगार पल बिताये। इस अवसर पर कमलेश, मीनाक्षी, सुलेख नान्दल, विनोद कुमार, दीपक दलाल व नीरज दहिया उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ केके मलिक, डॉ मुकेश कुमार, डॉ रविन्द्र कुमार, कृष्णलाल, प्रदीप कुमार, विश्नजीत, अजमेर हुड्डा, ओम प्रकाश परुथी, ज्योति, मन्जू, शालू, सूनील, स्वीटी, सुमित्रा, शर्मिला, सुमन यादव, हरिओम, अंकिता, महिमा, मीनाक्षी, सीमा, राखी, बबीता, एवं सिरतार संस्थान के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



रोहतक। बीलएओ के प्रतिभागियो को प्रमाण-पत्र देते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

## बीएलओ एप से चुनाव संबंधी कार्य जल्द होगा संपन्नः अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** भारत चुनाव आयोग की हिदायतों अनायुक्त धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला विकास भवन में बीएलओज के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बीएलओज का आह्वान किया है कि वे बीएलओ एप व वोटर हेल्पलाइन के हर एक पहलू को ध्यान से समझे ताकि कार्य को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतव आयोग ने आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत बूथ लेवल के अधिकारियों (बीएलओ) की देशभर में नेशनल लेवल ट्रेनिंग शुरू कर दी है। जिले में बीएलओ अधिकारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह 17 जुलाई तक चलेगा। शुक्रवार को पहले चरण में 50-50 के ग्रुप में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के अलावा रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी बीलएओज को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र भी दिए गए।



## पर्यावरण संरक्षण के लिए कालेज में किया पौधरोपण

**सांपला।** मंगलवार को सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को देने के लिए नगर पालिका एवं जन कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त पौधारोपण किया गया। नगर पालिका चेयरपर्सन पूजा बिजेंद्र इंदौरा व प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक विधार्थी ने पौधे लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना जरूरी है। विभिन्न प्रकार के लगभग सैंकड़ों छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का महाविद्यालय परिसर में रोपण किया गया। जन कल्याण फाउंडेशन द्वारा पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की गई। प्राचार्या हुड्डा ने सबका धन्यवाद किया।

## त्रैवार्षिक चुनावों के लिए आज नामांकन लिस्ट का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसायटी की 105 कालिजियम के लिए होने वाले त्रैवार्षिक चुनावों के लिए नामांकन सूची का प्रकाशन किया गया। निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल एवं जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज द्वारा नियुक्त को रिटर्निंग अधिकारी अजीत प्रसाद जैन ने चुनाव कार्यालय स्टाफ सदस्यों की उपस्थित में नामांकन सूची का प्रकाशन किया।

निर्वाचन अधिकारी एवं महासचिव राजेन्द्र बंसल ने बताया कि सोसायटी संविधान की धारा 11 के अनुसार सोसाइटी का आजीवन सदस्य कॉलिजियम के सदस्य का चुनाव किसी भी निर्वाचकगण से लड़ सकता है। यदि कोई सदस्य एक से अधिक निर्वाचकगण से नाम भरता है तो उसे अपनी मर्जी का एक निर्वाचकगण चुन कर बाकी से नाम वापस लेना होगा। यदि वह ऐसा नहीं करता तो उसका नामांकन रद्द कर दिया जाएगा। अतः जिन सदस्यों ने कई कई फार्म भर रखें है उन्हें एक से अधिक नामांकन वापिसी लेना होगा अन्यथा सभी नामांकन रद हो जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने सोसायटी कार्यालय अधीक्षक हरिनारायण दूबे, पवन गर्ग, सुशील शर्मा, रोहित, मैडम विजेता शर्मा, हर्षिता सहित सभी चुनाव कार्यालय के स्टाफ सदस्यों की सराहना एवं प्रंशशा की जोकि चुनाव को सफल बनाने में अथक मेहनत एवं परिश्रम से लगे हुए है।





## नगरपालिका ने स्वामित्व प्रमाण पत्र बांटे

**सांपला।** नगरपालिका की तरह से मंगलवार को 40 लोगों को आवासीय पट्टा के स्वामित्व प्रमाण पत्र दिया गया। लोगों को स्वामित्व प्रमाण पत्र देते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन पूजा बिजेंद्र इंदौरा ने कहा कि गरीबों के प्रति भाजपा सरकार हमेशा उदारता दिखा रही है। हर किसी के सिर पर छत हो वह इसको प्राथमिकता में रखे हुए है। इसके लिए जो भूमिहीन हैं उन्हें पट्टा देकर भूमि उपलब्ध करा रही ताकि उन्हें सरकारी आवास की व्यवस्था प्राप्त हो सके। नरेंद्र मोदी व प्रदेश सरकार ने कोरोना जैसी महामारी के दौरान विपरीत परिस्थितियों में भी गरीबों के जीवन स्तर को निरंतर बढ़ाने का कार्य किया है। आज वाकई में खुशी का दिन है हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार हर गरीबों असहाय परिवारों के चेहरे पर खुशी देने का कार्य कर रही है। स्वामित्व प्रमाण पत्र पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी जाहिर हुई। इस मौके पर सचिन नरेंद्र कुमार, बिजेंद्र नंबरदार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

### कॉलेज कैडर की असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया में होने वाली अनियमितताओं की निंदा की

**रोहतक।** छात्र संगठन ऑल इण्डिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा कॉलेज कैडर की असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया में होने वाली अनियमितताओं और धांधली की कड़ी निंदा की है। एआईडीएसओ के प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने कहा कि प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा आयोजन में अनेक तरह की कमियां, खामियां और अनियमितताएं देखी जा रही हैं। एआईडीएसओ ने सरकार से मांग की कि इन अनियमितताओं की जांच की जाए।

### शहीद सुरेश कुमार की प्रतिमा स्थल की सफाई की

**रोहतक।** सैनिक प्रकोष्ठ रोहतक की तरफ से शहिद सुरेश कुमार की प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। शहीद को नमन करते हुए , शहीद स्थल पर पेड़ लगाए गए। इसमें सुबेदार मेजर धर्मवीर, कर्नल राजेन्द्र सुहाग, वारंट आफीसर जगत सिंह गील, कैप्टन सुरेश कुमार, हवलदार जयसिंह लाकड़ा,अजय शर्मा, सुबेदार आनन्द कुमार, कैप्टन सतवीर सिंह, रमेश, अमित गहलावत, सुमित, आशीष, इसवनती, सरोजनी, संगीता, अन्य गणमान्य व्यक्ति बच्चे उपस्थित रहे।

## एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर बना युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

- लेंसकार्ट में 20 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरियाणा के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर अब आत्मनिर्भर भारत और स्किल इंडिया मिशन की दिशा में एक प्रभावशाली मंच बन चुका है। केंद्र की इस पहल के तहत लेंसकार्ट कंपनी द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में 20 विद्यार्थियों का चयन डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पद के लिए हुआ है। चयनित छात्रों को 22 हजार रुपये प्रतिमाह का सीटीसी पैकेज प्राप्त होगा। यह उपलब्धि एमएसएमई टीसी की गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्रणाली और उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम की सफलता का प्रमाण है।

जीएम नरेश कुमार जैन ने कहा कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्थापित इस टेक्नोलॉजी सेंटर में सीएनसी मशीनिंग, कैड व कैम मेकाट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, क्वालिटी कंट्रोल जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर प्रैक्टिकल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यहां पर प्रशिक्षण ले रहे छात्र न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनते हैं, बल्कि उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार भी होते हैं। यह केंद्र स्कूल पास युवा, डिप्लोमा धारक, इंजीनियरिंग छात्र और कार्यरत पेशेवरों सभी के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। इनसे युवाओं को न सिर्फ नौकरी, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में भी सशक्त आधार मिलता है। हमारा उद्देश्य उद्योगों की आवश्यकताओं और युवाओं की प्रतिभा के बीच की दूरी को कम करना है। लेंसकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा हमारे विद्यार्थियों का चयन, हमारे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

### सिर्फ नौकरी नहीं, आत्मनिर्भरता की राह



जीएम नरेश कुमार जैन ने कहा कि लेंसकार्ट में चयनित छात्रों के लिए यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आर्थिक स्थिरता और सम्मानजनक जीवन की शुरुआत है। साथ ही यह सफलता राज्य के अन्य युवाओं को भी तकनीकी कौशल सीखने और उज्जवल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### पौधरोपण कर चलाया अभियान

**रोहतक।** एक पेड़ मां के नाम अभियान तेजी से सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अभियान के तहत, लोगों को अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन में सुधार हो सके। दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उप प्रधान विकास राठी ने एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण किया। लघु सचिवालय परिसर में एक आम का पेड़ लगाया गया। विकास राठी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल, अधीक्षक कृष्ण नेहरा, मुकेश मलिक, सुन्दर शर्मा, कृष्ण कुमार बुरा प्रेमनगर, भगवत डब्ल्यूबीएन, पटवारी विनय पंकज, मोहित ऑपरेटर, विनेश एडब्ल्यूबीएन, मुकेश सेवादार, शुभम, संग्राम सिंह, अजीत सेवादार आदि मौजूद थे।

### राजकीय स्कूलों में पत्रकारिता व जनसंचार पाठ्यक्रम शुरू करवाने के लिए एसोसिएशन बनाई जाएगीः डॉ. बल्हारा

**रोहतक।** हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) योजना के अंतर्गत राजकीय स्कूलों में जनसंचार पाठ्यक्रम संचालित करने की पहल सराहनीय है, लेकिन फिलहाल यह पाठ्यक्रम केवल 18 जिलों के 18 स्कूलों में ही लागू किया गया है। इस सीमित क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए जाट कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप बल्हारा ने सभी राजकीय स्कूलों में इस पाठ्यक्रम को लागू करने की मांग की है। डॉ. बल्हारा ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया और जनसंचार से विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर ही परिचित कराना समय की आवश्यकता है। इससे न केवल विद्यार्थियों में लेखन कौशल, भाषा दक्षता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का विकास होगा, बल्कि वे समाज, सरकार और संस्थाओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को समझने और प्रस्तुत करने में सक्षम बन सकेंगे। वर्तमान में एनएसक्यूएफ योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं तक यह पाठ्यक्रम ऐच्छिक विषय के रूप में केवल 18 स्कूलों में संचालित है। इसे व्यापक रूप से लागू करवाने के लिए एक विशेष एसोसिएशन का गठन किया जाएगा, जिसकी कार्यकारिणी सरकार और शिक्षा बोर्डों से संवाद कर इस पाठ्यक्रम को सभी सरकारी स्कूलों में लागू करवाने का प्रयास करेगी। हरियाणा के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों से मीडिया विषय में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या एक हजार से अधिक हो चुकी है। परंतु पर्याप्त शिक्षकीय पद सृजित न होने के कारण ये योग्य अभ्यर्थी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में यदि सभी स्कूलों में जनसंचार विषय लागू किया जाए, तो न केवल विद्यार्थियों को लाभ होगा, बल्कि मीडिया शिक्षकों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

***हरियाणा के वे 18 राजकीय स्कूल, जहां वर्तमान में जनसंचार पाठ्यक्रम संचालित हो रहा हैः*** मेहरा (कुरुक्षेत्र), सुल्तानपुर (अंबाला), तिगड़ाना (भिवानी), हेलीमंडी और बादशाहपुर (गुरुग्राम), डोब और मंडी आदमपुर (हिसार), प्रेमनगर (अंबाला), धतीर (पलवल), कैंप (यमुनानगर), मारूई (दादरी), नथुरीकंला (सिरसा), चुल्काना (पानीपत), मीरजापुर व तलवंडी रूका (हिसार), रज्जीपुर (पंचकुला), बिढ़ाना और चांदपुरा (फतेहाबाद)।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बहुजमालपुर में तीन एकड़ में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का हथौड़ा

- कॉलोनियों का पक्का-कच्चा रोड नेटवर्क को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार गांव रोहतक और बहुजमालपुर में तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। इस दौरान एक अवैध निर्माण के साथ-साथ कॉलोनियों का पक्का व कच्चा रोड नेटवर्क भी ध्वस्त कर दिया गया। जिले में अवैध निर्माण या अवैध कॉलोनियों को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार के निर्माणों को गिराने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और भविष्य में भी इसी तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे।





रोहतक। अवैध निर्माण गिरवाते जिला नगर योजनाकार के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

तोड़फोड़ अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय की टीम, कर्मचारी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। उपायुक्त ने आमजन से अपने जीवन की कमाई को अवैध कॉलोनियों या निर्माणों में निवेश न करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर लोग स्वयं को आर्थिक और कानूनी जोखिम में डालते हैं। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने भी नागरिकों से अनुरोध किया कि किसी भी कॉलोनी या निर्माण में निवेश करने से पहले संबंधित अनुमति या वैधता की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। इच्छुक व्यक्ति स्थानीय सेक्टर-1 स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में कार्यदिवसों में आकर जानकारी ले सकते हैं।

## अवैध शराब की तस्करी के 71 और अवैध हथियार रखने वाले 104 आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों के धरपकड़ के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने साल 2025 मे छह माह के दौरान अवैध शराब की तस्करी के 71 आरोपियों व अवैध हथियारों रखने के मामलों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सख्ती की वजह से अपराधियों में हड़कम्प मचा रहा। एसपी नरेंद्र बिजारणिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने अवैध हथियार की तस्करी पर नकेल कसने का काम किया है। अवैध रूप से हथियार रखने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करते हुए जनवरी 2025 से जून 2025 तक 73 मामले शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज किए गए। इन मामलों में 104 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 74 देसी पिस्तौल, 1 रिवाल्वर, 1 गन, 4 मैग्जीन, एक चाकू व 88 कारतूस बरामद हुए है। आबकारी अधिनियम के तहत 6 माह के दौरान 50 मामले दर्ज करते हुए 71 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई है। लाखो रुपये कीमत की अलग-2 मार्को की 2488.5 बोतल देसी शराब, 20742.75 बोतल अंग्रेजी शराब, 1892 बोतल बीयर व 7290 रुपये बरामद किए गए। मादक पदार्थ व अवैध हथियार रखने वाले व बेचने वाले अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।